हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 09 फ़रवरी 2025, समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है दिल्ली विधानसभा का चुनाव परिणाम इस बात का प्रतीक है कि देश भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार पर भरोसा करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिल्ली मात्र एक शहर नहीं है, बल्कि यह एक लघु भारत है जो एक भारत श्रेष्ठ भारत की धारणा के अनुरूप है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि समाज के हर वर्ग ने बड़ी संख्या में बी.जे.पी को वोट दिया। श्री मोदी ने कहा -

उन्होंने कहा कि दिल्ली की महिला मतदाता बी.जे.पी की □ल बन गई हैं। श्री मोदी ने कहा :

प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार की खिलाफत का नारा देने वाली आम आदमी पार्टी को भ्रष्टाचार के कारण ही लोगों ने नकार दिया।

*****************************************************************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोगों, विशेषकर युवाओं से शक्ति और प्रेरणा के लिए पुस्तकों की तरफ़ रुख करने का आह्वान किया है। नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में दो पुस्तकों का विमोचन करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि किताबें व्यक्तिगत और सामाजिक विकास दोनों में सच्ची मार्गदर्शक शक्ति हैं। उन्होंने कहा कि किताबें ज्ञान का स्थायी रिकॉर्ड हैं, भावी पीढ़ियों के लिए विचारों और विरासतों को संरक्षित करती हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने युवाओं से चुनौतियों से उबरने के लिए प्रेरणा, और शक्ति के स्रोत के रूप में पुस्तकों को अपनाने का आग्रह किया।

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के निवारण के लिए सरकार तेज  गति से काम कर रही है। प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का एक इको-सिस्टम तैयार किया है, जिसमें प्रमाण पत्र, लाइसेंस और अनुमति देने में

अड़चन पैदा करने वाले अनेक नियमों और प्रक्रियाओं को खत्म किया गया है। मुख्यमंत्री कल गुरुग्राम में भारत ग्लोबल इंडस्ट्रीज फोरम द्वारा स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में 'भारत को निर्माण का वैश्विक हब बनाने' के विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए स्वीकृति प्रदान करने के लिए सिंगल रूफ क्लीयरेंस सिस्टम लागू किया गया है, जिसमें समयबद्धता के साथ निवेशकों को 150 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन प्रदान की जा रही हैं। श्री नायब सिंह ने कहा कि सरकार का ध्येय है कि प्रदेश में औद्योगिक विकास की गति किसी भी तरह के गतिरोधों से प्रभावित न हो। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हरियाणा के 10 जिलों में नई औद्योगिक माडल टाउन शिप स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सड़क परियोजनाओं के विस्तार से आज विभिन्न क्षेत्रों के निवेशक निरन्तर सरकार के संपर्क में है। सेमीनार में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने के लिए भारत ग्लोबल इंडस्ट्रीज फोरम को सेतु की भूमिका निभानी होगी।

****************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि किसानों को खेजड़ी के पेड़ की महत्व जागरूक करना होगा। इसके लिए वन विभाग के साथ-साथ कृषि विश्वविद्यालय को भी अहम भूमिका निभानी होगी। राज्यपाल कल हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में एक बैठक में खेजड़ी यानी जांटी पेड़ की खेती को ले कर चर्चा कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि खेजड़ी के गुणों के बारे में हर किसी को पता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान इसकी खेती के प्रति तभी आकर्षित होंगे, जब उनमें इस पौधे की महत्व को लेकर जागरूकता आएगी। इससे उनकी आय भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि वन विभाग, समाजसेवियों और विश्वविद्यालय को इसके लिए

मिलकर काम करना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय  प्रबंधन को इस पेड़ को लेकर शोध शुरू करने के निर्देश भी दिए।

*****************************************************************